LOK SABHA

*Friday, November* 16, 1973/*Kartika* 25, 1895 (*Saka*)

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## WELCOME TO SWISS PARLIAMENTARY DELEGATION

MR. SPEAKER: Hon. Members, at the outset, I have to make an announcement.

On my own behalf and on behalf of the hon. Members of this House, I have great pleasure in welcoming His Excellency Mr. Marius Lampert, President of the Swiss Senate; Madam Lampert, and the hon, Members of the Swiss Parliamentary Delegation and their wives and daughter who are on a visit to India as our most honoured guests.

The delegation arrived yesterday morning and will be in India for eight days. This is too short a stay, but we will try to do as much as possible in eight days. They are now seated in the Special Box. We wish them a happy and fruitful stay in our country. Through them we convey our greetings and best wishes to their Parliament, Government and the people of Switzerland.

I may also thank them personally and on your behalf for the presentation they made last night after dinner, a very new type of Swiss time-piece, a big and a very heavy one, and this is the latest. It does not need winding or any movement or shaking for automatic winding. You just place it on the table on an even level and it takes its winding or momentum from the atmosphere. I assure you we have any type of atmosphere in this House.

SHRI S. M. BANERJEE: Why not lay it on the Table of the house?

MR. SPEAKER: It is already laid on the Table of the Speaker. So, it will have sometimes moderate atmosphere, sometimes hot, sometimes very hot, cold and colder—all types of atmosphere it will have. I am going to show it to you in their presence. I will put it like this. It is veiled as a bride! It is quite heavy. I will place it in the Library; if you like you can have a look at it and have a feel of its weight. I thank them very much again for this beautiful gift, especially a time-piece for which their country is known all over the world. This is the latest model that has come to our Parliament. I think whenever you go to Geneva, you must have a Swiss watch.

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### Decisions taken by Government on the Third Pay Commission's Report

+

*82. SHRI PRABODH CHANDRA:
SHRI HUKAM CHAND KACHWAI:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether he would lay on the Table of the House a statement showing major decisions taken by Government on the Third Pay Commission's Report; and

(b) whether the decisions have been communicated to all the Ministries/Departments, Attached and Subordinate Offices and Autonomous Bodies?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI YESHWANTRAO CHAVAN): (a) A Resolution No. 70(34)/73-Imp.Cell dated 1st November, 1973 announcing the decisions of Government on the recommendations of the Third Pay Commission relating to pay scales, allowances, retirement benefits etc. in respect of civilian employees of the Central Government in Class II, III and IV has been published in in Part I, Section I of the Gazette of India Extraordinary No. 257 dated 1st November, 1973 copies of which have been placed in the Parliament Library on the 8th November, 1973.

(b). A copy of the Resolution has been communicated to the Ministries/Departments of the Government of India, State Governments, Union Territory Administrations and all others concerned. The decisions of Government are not, directly applicable to employees of autonomous bodies.

SHRI PRABODH CHANDRA: What are the dates from which decisions of the Pay Commission will be effective and what are the reasons for fixing those dates and not implementing them immediately or within a reasonable time? What are the reasons for not implementing those recommendations immediately?

SHRI YESHWANTRAO CHAVAN: The date of implementation is declared in the decision itself; it will be 1st January, 1973. All the necessary steps have been taken to implement them. Decisions were announced sometime in October and immediately steps had been taken to see that the resolution is notified and necessary orders are also being issued from time to time.

SHRI PRABODH CHANDRA: I should like to know from the hon. Minister the reasons which tempted the Government to change some of the recommendations of the Pay Commission, which was not the case with the recommendations of the Second Pay Commission? May I know if the recommendation of the Third Pay Commission will be accepted *in toto* or will there be any major changes in the recommendations?

SHRI YESHWANTRAO CHAVAN: Government has announced its decision in which we have accepted certain improvements in certain recommendations though it was not done so in the case of the Second Pay Commission. We thought it necessary to improve some of the recommendations after discussions with the representatives of the employees.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या यह बात सही है कि जनवरी से ले कर अक्तूबर तक का वेतन आप जमा करना चाहते हैं, कर्मचारियों को देना नहीं चाहते जिस से कर्मचारी संघ के लोग सहमत नहीं हैं ?

दूसरे मैं यह जानना चाहता हूं कि जब आप ने वेतन आयोग की रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय लिया उस समय कर्मचारियों के विभिन्न संघों के प्रतिनिधियों से चर्चा की थी क्या ? यदि हां, तो किन किन प्रतिनिधियों को बुलाया था और उन का क्या मत था ? इस निर्णय से काफी संघों में नाराजी है और उन्हों ने हड़ताल का नोटिस दिया है । साथ ही यह भी बतायें कि जो वेतन बढ़ने वाला है उस में कितना पैसा खर्च होगा और जो पेट्रोल पर टैक्स आप ने लगाया है उस से कितनी आमदनी होगी ?

**श्री यशवन्तराव चव्हाण** : यह बात ठीक है कि हम जो देने वाले हैं वह जनवरी से देंगे । एरियर्स के बारे में हम चाहते थे कि सेविंग के काम लिये वह पैसा गवर्नमेंट के पास रहे, लेकिन इस के बारे में कोई कम्पल्शन नहीं होना चाहिये और नहोगा । लोगों को समझाने की बात हो सकती है और उस की हम कोशिश करेंगे । लेकिन अगर उन की मर्जी नहीं होगी तो उन पर इस को लादने

वाली चीज होने वाली नहीं है, और न ऐसा करने का इरादा है। हम ने कल परसों उन से बातें की हैं लेकिन उन की इस के लिये तैयारी नजर नहीं आती। यह जरूर है कि जब हमारी उन के साथ बातें हुईं तो उन्होंने हमारे सामने कई बात रक्खीं, जो हम पूरी पूरी नहीं मान सकते थे। जो हम ने कहा वह उन्हें कहां तक मंजूर है यह कहना मुश्किल है, लेकिन जो हमें ठीक लगा वह हम ने करने की कोशिश की है। उन के लिये हमारे मन में जो अपनापन है उसकी नजर से करने की कोशिश की है जहां तक पैसे की बात है वह 60 करोड़ से कुछ ज्यादा लगेगा। पेट्रोल से हम को कितना धन मिलेगा उस के बारे में हम ने पहले कुछ कहा है, लेकिन यह हम पर निर्भर करता है कि कितना कंजंम्शन कम है या कितना ज्यादा है।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : यह जो निर्णय हुआ है उस से अनेक मजदूर संगठन सहमत नहीं है और उन्होंने हड़ताल का नोटिस दिया है। क्या इस की जानकारी सरकार को है?

**अध्यक्ष महोदय** : इस में से हड़ताल कहां निकलती है? आप हड़ताल की बात क्यों उठा रहे हैं?

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : बहुत से संगठनों ने हड़ताल की नोटिस दी है।

**अध्यक्ष महोदय** : इस में से हड़ताल की बात नहीं उठती है।

**श्री चन्द्रलाल चन्द्राकर** : क्या मैं जान सकता हूं कि यह निर्णय पेंशनर्स और फौज वालों पर लागू होगा या नहीं? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि यह आटोनोमस बाडीज पर क्यों नहीं लागू होगा।

**श्री यशवन्तराव चह्वाण** : यह आटोनोमस बाडीज पर लागू नहीं होगा क्योंकि उन के लिए पे कमिशन नहीं था।

**श्री चन्द्रलाल चन्द्राकर** : मैं जनना चाहता था कि पेंशनर्स और फौज वालों पर लागू होगा या नहीं

SHRI YESHWANTRAO CHAVAN: As far as Class I employees are concerned, whether they are civil or defence employees, we are yet to take a decision. As far as the other defence services employees are concerned, corresponding improvements would be made applicable to them. It does not apply to the pensioners.

SHRI S. M. BANERJEE: The viewpoint expressed by the employees' representatives of all sections was that if it was not possible for the Government to accept a need-based minimum wage of Rs. 314, they should at least bring the Central Government employees on par with the public undertakings employees in the matter of pay and allowances. May I know whether that recommendation was considered by the Government and if so, why in the modifications the same was not manifested? The modifiction is only Rs. 196 which is the lowest. I want to know what is the reaction of the Government to the demand put forward by the various federations either through strike ballot or strike notice in which they have said that everyone is dissatisfied and they want parity with public undertakings because both are paid from the same fund and public undertakings are not making profit? What is the reaction of the Government to this demand and may I know whether they will have another round of discussions with the employees' representatives in this regard?

SHRI YESHWANTRAO CHAVAN: As far as the second part of the question is concerned, my answer is, "No". There is no question of any further negotiations. Regarding parity with public undertaking employees, there is no uniformity of pay scales between the various public sector undertakings themselves.

SHRI S. M. BANERJEE: Recently they have given Rs. 250 in Hardwar.

SHRI YESHWANTRAO CHAVAN: But among the public sector undertakings themselves there is no parity or uniformity. Secondly, by accepting such parity, there would have been a tremendous expenditure and commitment involved. So, it was not possible for Government to accept it.

SHRI K. NARAYANA RAO: May I know what decision has been taken by the Government about the grievances voiced by the technocrats and specialists?

SHRI YESHWANTRAO CHAVAN: So far as Class I posts are concerned, we have not taken a decision yet.

**श्री एम० रामगोपाल रेड्डी**: मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि थर्ड पे कमिशन की रिपोर्ट लिहाज से, जिस को गवर्नमेंट ने ऐक्सेप्ट किया है उस को कितना पैसा देना पड़ रहा है और एम्प्लायीज जो मांग रहे हैं वह कितना पसा है और दोनों में कितना अन्तर है ?

SHRI YESHWANTRAO CHAVAN: As far as the consequences of the recommendations of the Pay Commission are concerned, it was considered that it would involve Rs. 150 crores. The improvements that we have introduced would require about another Rs. 60 crores. The demands vary from employees to employees and it is difficult to compute how much their implementation will cost.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : वेतन आयोग ने केन्द्रीय कर्मचारियों के सम्बन्ध में सिटी कम्पेन्सेटरी अलाउंस देने के बारे में सिफारिश की है और यह कहा है कि सिटी कम्पेन्सेटरी अलाउंस देते समय जन-संख्या के साथ साथ उस शहर में कितनी मंहगाई है इस को भी विचार किया जाना चाहिये, और शहर के साथ जो गांव के हिस्से जड़े हुए हैं, जिन को उन्होंने अरबन ऐग्लोमरेशन कहा है, उन का भी हिसाब लगाया जाना चाहिये। मैं जानना चाहता हूं कि वेतन आयोग की सिफारिशों पर निर्णय करते समय शहरों के अपग्रेडेशन के सवाल पर फैसला क्यों नहीं किया गया ? ग्वालियर की जन-संख्या 4 लाख से ऊपर हो गई है ।

**अध्यक्ष महोदय** : आप के होते हुए कैसे हो गई ?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : मेरे बावजूद हो गई है ।

मैं जानना चाहता हूं कि सिटी कम्पेन्सेटरी अलाउंस के बारे में पे कमिशन की सिफारिशों पर गौर किया गया या नहीं, और क्या नगरों के अपग्रेडेशन का मामला हर दम खटाई में पड़ा रहेगा ?

**श्री यशवन्तराव चव्हाण** : इस सवाल पर विचार हो रहा है ।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : दस दिन पहले मैं ने वित्त मंत्री को चिट्ठी लिखी थी, जवाब आया कि विचार हो रहा है, अब पार्लियामेंट में उठाया तो कहते हैं कि विचार हो रहा है । आखिर मंहगाई बढ़ रही है, कर्मचारी परेशान हैं । क्या वित्त मंत्री कोई सीमा रेखा रखना चाहेंगे कि इस तिथि तक हम निर्णय कर देंगे ?

**श्री यशवन्तराव चव्हाण** । जल्दी कर देंगे ।

**श्री मधु लिमये** : मंत्री महोदय ने घोषणा की है कि तृतीय वेतन आयोग की रिपोर्ट में अल्प-मत ने न्यूनतम वेतन के बारे में जो सुझाव दिया था उस को उन्होंने स्वीकार कर लिया है, अर्थात् 196 रु० तक । जहां तक बड़े अफसरों का सवाल है, प्राइवेट सेक्टर और पब्लिक सेक्टरों में उन का न्यूनतम वेतन

है, 700 रु० इसलिए सरकारी अफसरों का भी उतना ही पे कमीशन रखना चाहता हूं। साथ साथ यून्नतम और अधिकतम वेतन में 200 रु० से 700 रु० महावार तक इजाफा देने का उन्होंने सुझाव दिया है। मैं जानना चाहता हूं कि बड़े अफसरों के बारे में सरकारी निर्णय क्या है जब कि न्यूनतम वेतन के बारे में उन्होंने 196 रु० का निर्णय किया है।

**श्री यशवन्तराव चव्हाण** : मैं ने कहां फैसला किया है ? मैं ने कहा कि इस के बारे में फैसला अभी तक नहीं हुआ है।

**श्री मधु लिमये** : दोनों साथ नहीं करेंगे ? एक रपट है। 26 लाख मजदूरों में बड़ा असन्तोष होगा यदि उन्हें पता चलेगा कि वड़े अफसरों के साथ एक रवैया है और गरीब लोगों के साथ दूसरा रवैया है।

**SHRI YESHWANTRAO CHAVAN:** So far as Class I officers are concerned, as I have said, the question is under consideration. We have taken a decision about the most urgent matters relating to classes IV, III and II.

**श्रीमती मुकल बनर्जी** । स्कूल टीचर्स के बारे में बहुत काफी डिस्कशन करने के बाद कुछ बात तय हुई थी, लेकिन उस के बाद पे कमिशन ने उनको सुना भी नहीं और काफी उलट-फेर कर दिया। इस समय स्कूल टीचर्स के दिलों में बड़ा असन्तोष है। क्या मंत्री महोदय इस के लिये कोई स्टेप ले रहे हैं ?

**SHRI YESHWANTRAO CHAVAN:** It is very difficult for me to reconsider or review the matters in case of any particular category of services. Whatever decisions have been taken in the case of Class IV, Class III, and Class II will be applicable uniformly to all.

**सितम्बर, 1973 में उड़ानों से हटाये गये एवरो विमान**

\+

*83. **श्री जगन्नाथ राव जोशी** :
**श्री सतपाल कपूर** :

क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सितम्बर, 1973 के दौरान एवरो विमानों की उड़ानें बन्द कर दी गयी थीं और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) इस कारण कितने विमान तथा उड़ाने प्रभावित हुई और कितने राजस्व की हानि हुई ; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

**संचार तथा पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री राज बहादुर)** : (क) 8-9-73 को एक एच० एस०-748 विमान के एक 'एलरोन हिंज' के खराब होने और 12-9-73 को एक अन्य विमान में प्रारंभिक दरारों के पाये जाने के कारण यह निर्णय किया गया था कि इंडियन एयरलाईन्स के बेड़े के उन सभी एच० एस०-748 विमानों का, जो 5000 घण्टों अथवा इससे अधिक की उड़ान कर चुके हैं, अगली अनुसूचित उड़ान से पहले अनिवार्य निरीक्षण किया जाये।

(ख) और (ग) . परिचालित किये जा रहे 13 एवरो विमानों में से 12 विमान 5000 घण्टों से अधिक उड़ान कर चुके थे, अत: उनको अस्थायी रूप से सेवा से हटा लिया गया और जहां तक संभव हो सकता था शेष विमान बेड़े की सहायता से वैकल्पिक प्रबन्ध किये गये। इन 12 विमानों को निम्न प्रकार परिचालन की अनुमति दी गई : —

(i) 24-9-1973 से तीन को
(ii) 1-10-1973 से तीन को
(iii) 10-10-1973 से तीन को
(iv) 22-10-1973 से तीन को